भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1199**
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों की स्थापना**

1199. श्री रामचरण बोहरा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संपूर्ण देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों (सीआरआई) की स्थापना में हो रहे विलंब का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों की स्थापना के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई है/प्रस्तावित की है;

(घ) इन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में उक्त संस्थानों की स्थापना करने के लिए सरकार द्वारा आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा वैश्विक स्तर पर योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए/उठाए जाने वाले अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**
**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) और (ख): इस समय देश भर के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में नए केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों (सीआरआई) की स्थापना में कोई विलंब नहीं हुआ है। वर्तमान में, आयुष मंत्रालय की पांच स्वायत्त अनुसंधान परिषदों के तहत पूरे भारत में 87 केंद्रीय अनुसंधान केंद्र/संस्थान पहले से ही स्थापित हैं। पहले से स्थापित इन 87 केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों/केन्द्रों के अतिरिक्त, दो नए केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरवाईएन) क्रमश: नागमंगल, कर्नाटक और झज्जर, हरियाणा में स्थापित किए गए हैं जिससे इनकी कुल संख्या 89 हो गई है। इन 89 अनुसंधान केन्द्रों/संस्थानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ): जिन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों की स्थापना के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई है/पेशकश की है, उनके ब्यौरे तथा इन संस्थानों के निर्माण के लिए आबंटित निधियों के ब्यौरे **संलग्नक-II** में दिए गए हैं।

(ङ): वैश्विक स्तर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

i. आयुष मंत्रालय आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना (आईसी स्कीम) कार्यान्वित कर रहा है जिसके तहत वैश्विक स्तर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहित आयुष को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां/पहल की गई हैं अर्थात, भारत में मान्यता प्राप्त आयुष संस्थानों में आयुष पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विदेशी नागरिकों को आयुष छात्रवृत्ति प्रदान करना; पारस्परिक हित के आधार पर आयुष से संबंधित गतिविधियां शुरू करने के लिए देशों के स्तर

पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके विदेशों के साथ सहयोग; आयुष में अनुसंधान/अकादमिक सहयोग के लिए विदेशी संस्थान के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर; विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में आयुष पीठों की स्थापना; आयुष विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक/दीर्घकालिक); आयुष के क्षेत्र में सहयोग, सहायता या अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए डब्ल्यूएचओ या संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के साथ सहयोग; अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता और रुचि को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए भारत या विदेश में सम्मेलन, संगोष्ठी, एक्सपो आदि; आयुष पद्धति के बारे में प्रामाणिक जानकारी प्रदान करने के लिए विदेशों में आयुष प्रकोष्ठ (केंद्र) की स्थापना; विभिन्न बहुपक्षीय मंचों जैसे- ब्रिक्स, एससीओ, जी-20, आईबीएसए, आसियान, बिम्सटेक आदि में आयुष को प्रस्तुत करना।

ii. माननीय प्रधानमंत्री की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। तब से भारत और विदेशों में हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आयुष मंत्रालय, आईडीवाई के आयोजन के दौरान हमारी विभिन्न योग संबंधी गतिविधियों को चलाने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों को सहायता प्रदान करता है।

iii. आयुष मंत्रालय योग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का भी आयोजन करता है जिनमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेते हैं। आयुष मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न भागों में अब तक योग पर 5 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है।

iv. आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से एम-योगा मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया, जिसे भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 21 जून, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2021 के अवसर पर लॉन्च किया गया था।

v. मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), जो आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है, ने योग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित विदेशी संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं:

क. डिवाइन वैल्यू स्कूल, इक्वेडोर (डीवीएसई)
ख. इंडिया योगा सेंटर (आईवाईसी), कोरिया
ग. लीडर्स डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, खेल मंत्रालय, सऊदी अरब

vi. एमडीएनआईवाई को डब्ल्यूएचओ के योग सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है।

vii. प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया भर में योग पेशेवरों के ज्ञान और कौशल में तालमेल, गुणवत्ता और एकरूपता लाने के उद्देश्यों से योग प्रमाणन बोर्ड (वाईसीबी) की स्थापना की गई है।

viii. पुणे, भारत में 18 से 19 नवंबर 2022 तक 5वें प्राकृतिक चिकित्सा दिवस 2022 के आयोजन के दौरान प्राकृतिक चिकित्सा पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

*****

संलग्नक-I

**पांच अनुसंधान परिषदों के अधीन कार्यरत क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों/अनुसंधान संस्थानों का विवरण**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **केंद्रों की संख्या** | **संस्थान/इकाई का नाम** |
|---|---|---|
| **आयुर्वेद (30)** | | |
| अंदमान और निकोबार द्वीप | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर |
| आंध्र प्रदेश | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा |
| अरुणाचल प्रदेश | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ईटानगर |
| असम | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी |
| बिहार | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना |
| दिल्ली | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली |
| गोवा | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद खनिज एवं समुद्री औषधीय संपदा अनुसंधान संस्थान, गोवा |
| गुजरात | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद |
| हिमाचल प्रदेश | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मंडी |
| जम्मू-कश्मीर | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जम्मू |
| कर्नाटक | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु |
| केरल | 02 | राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म अनुसंधान संस्थान, चेरुथुरुथी |
| | | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम |
| मध्य प्रदेश | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर |
| महाराष्ट्र | 03 | राजा रामदेव आनंदीलाल पोद्दार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुंबई |
| | | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर |
| | | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे |
| नागालैंड | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, दीमापुर, नागालैंड |
| ओडिशा | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर |
| पंजाब | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटियाला |
| राजस्थान | 01 | एम.एस. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर |
| सिक्किम | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक |
| तमिलनाडु | 02 | कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| | | डॉ. अचंता लक्ष्मीपति क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| तेलंगाना | 01 | नेशनल सेंटर ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज, हैदराबाद |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | केंद्रों की संख्या | संस्थान/इकाई का नाम |
|---|---|---|
| त्रिपुरा | 01 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, अगरतला, त्रिपुरा |
| उत्तर प्रदेश | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी |
| उत्तराखंड | 02 | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ |
| | | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत |
| पश्चिम बंगाल | 01 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता |
| **योग और प्राकृतिक चिकित्सा (02)** | | |
| कर्नाटक | 01 | केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईवाईएस), नागमंगला, कर्नाटक |
| हरियाणा | 01 | केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरवाईएन), देवरखाना, झज्जर, हरियाणा |
| **यूनानी (23)** | | |
| आंध्र प्रदेश | 01 | क्लिनिकल रिसर्च यूनिट, डॉ अब्दुल हक यूनानी मेडिकल कॉलेज, 40/23, पार्क रोड, कुरनूल -518 001 (आंध्र प्रदेश) |
| असम | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम), पशु चिकित्सा बाजार, घंगूर, सिलचर-788014, (असम) |
| बिहार | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, गुजरी, पटना सिटी, पटना- 800 008 (बिहार) |
| दिल्ली | 03 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, डी-11/1, अबुल फजल एन्क्लेव, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली - 110 025 |
| | | हकीम अजमल खान इंस्टीट्यूट ऑफ लिटरेरी एंड हिस्टोरिकल रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन, डॉ. एमए अंसारी हेल्थ सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया, ओखला, नई दिल्ली - 25 |
| | | औषधि मानकीकरण अनुसंधान इकाई, 61-65 इंस्टीट्यूशनल एरिया डी ब्लॉक के सामने जनकपुरी नई दिल्ली |
| जम्मू-कश्मीर (यूटी) | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर कैंपस, हजरत बल, श्रीनगर - 190 006 (जम्मू और कश्मीर) |
| केरल | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), कुरुपटिल नीना मेमोरियल, पंचायत कार्यालय के पास, पीओ एडाथला (एन) - 683 564 अलवेय, केरल |
| कर्नाटक | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, कोटिगेपाल्या, मागडी मेन रोड, बेंगलुरु - 560 091 (कर्नाटक) |
| मध्य प्रदेश | 02 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी) डिपार्टमेंट ऑफ फार्माकोलोजी, |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | केंद्रों की संख्या | संस्थान/इकाई का नाम |
|---|---|---|
| | | गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल - 462 001 (मध्य प्रदेश) |
| | | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी) एसएच यूनानी तिब्बिया कॉलेज गणपति नाका, बुरहानपुर - 450 331 (मध्य प्रदेश) |
| महाराष्ट्र | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, प्लॉट नंबर 38/39, सेक्टर -18, खारघर, नवी मुंबई (महाराष्ट्र) -410210 |
| मणिपुर | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई, लैम्फेल रोड, लैम्फेलपट, इम्फाल, मणिपुर 795004 |
| ओडिशा | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, चंदबली बाईपास रोड, ग्रामीण पुलिस स्टेशन के पास, भद्रक - 756 100 (ओडिशा) |
| तमिलनाडु | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, 01, वेस्ट मेडा चर्च स्ट्रीट रोयापुरम, चेन्नई - 600 013 (तमिलनाडु) |
| तेलंगाना | 01 | राष्ट्रीय त्वक-विकार यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (पूर्ववर्ती केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान) ईएसआई अस्पताल के सामने, एजी कॉलोनी रोड, एर्रागड्डा, हैदराबाद - 500 838 |
| उत्तर प्रदेश | 06 | केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पोस्ट और गांव, बसाहा कुर्सी रोड, लखनऊ - 226 026 (उत्तर प्रदेश) |
| | | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, शाहजहां मंजिल, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़-202001 (उत्तर प्रदेश) |
| | | औषधि मानकीकरण अनुसंधान संस्थान, पीएलआईएम, बिल्डिंग, 'एम' ब्लॉक के सामने, सेक्टर -23, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) |
| | | क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र (आरआरसी), बी-501/4, जीटीबी नगर, दुल्हन पैलेस के सामने, करेली, इलाहाबाद - 211 016 (उत्तर प्रदेश) |
| | | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), कैंटोनमेंट जनरल हॉस्पिटल (सोतीगंज), बेगम ब्रिज, मेरठ (उत्तर प्रदेश) |
| | | रासायनिक अनुसंधान इकाई, यूनानी चिकित्सा अनुसंधान विभाग, डीन के कार्यालय के पास, विज्ञान संकाय, ए.एम.यू. अलीगढ़ - 202002 |
| पश्चिम बंगाल | 01 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पहली मंजिल, 250ए/29, जीटी रोड (उत्तर), जायसवाल अस्पताल के पास, लिलुआ, हावड़ा - 711201 |
| **सिद्ध (09)** | | |
| तमिलनाडु | 03 | केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| | | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई, पलायमकोट्टई |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | केंद्रों की संख्या | संस्थान/इकाई का नाम |
| --- | --- | --- |
| | | सिद्ध औषधीय पादप उद्यान (एसएमपीजी), मेट्टूर |
| केरल | 01 | क्षेत्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम |
| कर्नाटक | 01 | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई, बेंगलुरु |
| आंध्र प्रदेश | 01 | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरुपति |
| पुडुचेरी | 01 | सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी |
| नई दिल्ली | 01 | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई, सफदरजंग |
| गोवा | 01 | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई, गोवा |
| **होम्योपैथी (25)** | | |
| आंध्र प्रदेश | 02 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), ओल्ड मैटरनिटी हॉस्पिटल कैंपस तिरुपति -517507 |
| | | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), डॉ. जीजीएच मेडियल कॉलेज कैंपस, एलुरु रोड, गुडीवाड़ा - 521 301 (आंध्र प्रदेश) |
| तेलंगाना | 01 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) क्यू.यू.बी. 32, कमरा नं 4, विक्रम पुरी, हब्सीगुडा, हैदराबाद -500007 |
| असम | 01 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), एनईआईएआरआई, (आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर), बारसोजई, भेटापारा, गुवाहाटी-781028 |
| बिहार | 01 | नैदानिक सत्यापन इकाई (होम्योपैथी) गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, दूसरी मंजिल, पटना सिटी पटना - 800008 |
| गोवा | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (हो.) ओल्ड जीएमसी बिल्डिंग, रिबंदर, गोवा-403006 |
| हिमाचल प्रदेश | 01 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), सी-5, फेज 1, सेक्टर-2, मेन रोड न्यू शिमला -171009 |
| झारखंड | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), आरसंडे, बोरेया रोड, पीओ बोरेया, रांची-835240 |
| केरल | 01 | राष्ट्रीय होम्योपैथी मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान सचिवोथामापुरम, कोट्टायम-686532 |
| महाराष्ट्र | 01 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), "एमटीएनएल" हॉल नंबर 4, शॉपिंग सेंटर, सेक्टर -9, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- 400614 |

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | केंद्रों की संख्या | संस्थान/इकाई का नाम |
|---|---|---|
| मणिपुर | 01 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), न्यू चेकऑन, मारिंग लैंड, त्रिवल कॉलोनी के सामने, इम्फाल -795001 |
| मिजोरम | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), आयुष बिल्डिंग, सिविल अस्पताल, दावरपुई आइजोल, -796001 |
| नागालैंड | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), मेडिकल कॉलोनी, दीमापुर, आयुष बिल्डिंग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के सामने, नागालैंड-797112 |
| ओडिशा | 02 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), और विस्तार केंद्र, सीसीआरएच बिल्डिंग, मार्ची कोटे लेन, लबानिखिया चाक, पुरी - 752001 |
| | | आरआरआई (हो.) की विस्तार इकाई, डॉ. ए. सी. होम्योपैथी, एम.सी.& एच.ओ.एस. यूनिट-III भुवनेश्वर-751001 ओडिशा |
| राजस्थान | 01 | केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान सेक्टर-26, एनआरआई सर्कल के पास, प्रताप नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (आयुष भवन के बगल में), जयपुर -302006 |
| सिक्किम | 01 | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), संफेल होटल के सामने, संग्राम भवन के पास, विकास क्षेत्र, गंगटोक -737101 |
| तमिलनाडु | 02 | होम्योपैथिक विकलांग अनुसंधान संस्थान, कमरा नंबर 136, एनआईईपीएमडी कैंपस, ईसीआर रोड, मुत्तुकाडु, चेन्नई -603112 |
| | | होम्योपैथी औषधीय पादप अनुसंधान केंद्र, 3/126, इंदिरा नगर, एमराल्ड पोस्ट, ऊटी, नीलगिरि जिला-643 209 |
| त्रिपुरा | 01 | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), जॉयकृष्ण कोबरा पारा रोड, खुमुलवंग, जिरानिया, अगरतला-799045 |
| उत्तर प्रदेश | 03 | डॉ. डी.पी. रस्तोगी केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, ए-1/1, सेक्टर 24, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर-201301 उत्तर प्रदेश |
| | | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी) कमरा नंबर 10 और 11, पहली मंजिल (प्राइवेट वार्ड) बीआरडी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, गोरखपुर -283016, उत्तर प्रदेश |
| | | होम्योपैथिक ड्रग रिसर्च ऑफ इंस्टीट्यूट (एचडीआरआई) विराज खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 |
| पश्चिम बंगाल | 02 | डॉ. अंजलि चटर्जी क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, 50, राजेंद्र चटर्जी रोड, कोलकाता-700035 |
| | | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), श्री श्री रविशंकर आर्ट ऑफ लिविंग मंदिर के सामने छोटापथुरामजोटे, जल निजामतारा पंचायत दार्जिलिंग - 734001 |

**संलग्नक-II**

**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का ब्यौरा जिन्होंने केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों की स्थापना के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई है/पेशकश की है और निर्माण के लिए आबंटित निधियों का ब्यौरा**

**क. केंद्रीय योग अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) को दी गई निशुल्क भूमि का ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | गन्नावरम गांव, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश |
| 2. | छत्तीसगढ़ | गांव डंगनिया और चिरुहुलडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़ |
| 3. | केरल | ग्राम क्रिन्थलम, जिला कासरगोड, केरल। |
| 4. | ओडिशा | गांव मौजा बिंझागिरी, तहसील जटानी, ओडिशा। |
| 5. | असम | गांव देहिन, खामतीघाट, डिब्रूगढ़, असम |

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईवाईएन) की स्थापना संबंधी इन सभी पांच प्रस्तावों की आयुष मंत्रालय द्वारा जांच की गई थी और व्यय विभाग के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया था। प्रस्तुत प्रस्तावों के प्रत्युत्तर में, व्यय विभाग ने 919122 लाख रुपए की अनुमानित लागत (आवर्ती और गैर-आवर्ती लागत) से डिब्रूगढ़, असम में एक सीआरआईवाईएन की स्थापना के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किया है। सीआरआईवाईएन, डिब्रूगढ़, असम की आधारशिला 28.01.2024 को रखी गई।

**ख. केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) को दी गई निशुल्क भूमि का ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | ओडिशा | केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर |

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर की स्थापना का प्रस्ताव व्यय विभाग को प्रस्तुत कर दिया गया है।

**ग. केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) को दी गई निशुल्क भूमि का ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | हरियाणा | राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, खीरी गुजरान, फरीदाबाद। |

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव आयुष मंत्रालय द्वारा 5673 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया गया है।